अध्याय 23: स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन कॉल

Hong Kong Broadband Network, HGC Global Communications और HKT स्थानीय फिक्स लाइनें और अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन सेवाएं प्रदान करने वाले प्रमुख ऑप्रेटर हैं। इनके अतिरिक्त, अंतर्राष्ट्रीय कालिंग कार्ड सेवाएं प्रदान करने वाले अनेक अंतर्राष्ट्रीय टेलीफोन सेवा प्रदाता हैं। China Mobile Hong Kong, HKT, SmarTone और 3HK मोबाइल फोन संवाएं प्रदान करने वाले प्रमुख ऑप्रेटर हैं।.

आप घर या व्यावसायिक परिसरों में फिक्स्ड लाइन फोन से और विभिन्न स्थानों जैसे गलियों, हवाईअड्डे पर, होटलों में, पेफोन से स्थानीय या अंतर्राष्ट्रीय कॉल कर सकते हैं। आप स्थानीय मोबाइल ऑप्रेटरों द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल फोन सेवाएं इस्तेमाल करके हांगांग में लगभग प्रत्येक स्थान पर कॉल कर एपं प्रापत कर सकते हैं।

स्थानीय कॉल

फिक्स्ड लाइन टेलीफोन सेवा असीमित प्रयोग के साथ सामान्य मासिक शुल्क पर प्रदान की जाती है। दूसरे शब्दों में, व्यक्गित स्थानीय कॉल के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। पेफोन से स्थानीय कॉल करने की लागत प्रति 5 मिनट के लिए HK$1 है। मोबाइल फोन सेवाओं के लिए, स्थानीय मोबाइल ऑप्रेटरों द्वारा दिए जाने वाले प्री पेड सिम कार्ड उनकी रिटेल दुकानों और किराना स्टोर पर सामान्य रूप से उपलब्ध हैं। ये पीप्रेड सिम कार्ड 2G, 3G, 4G, या 5G मानक अनुकूल हैंडसेट के साथ उपयोग किए जा सकते हैं। कुछ ऑप्रेटर पर्यटकों के लिए किराये पर हैंडसेट उपलब्ध कराने की सेवा भी प्रदान करते हैं।

फिक्स्ड लाइन और मोबाइल सेवा दोनों के लिए आपात सेवा कॉल करने के लिए (**फिक्स्ड सेवा के लिए 999; मोबाल सेवा के लिए 999 या 112**) और डायरेक्ट्री पूछताछ के लिए (**1081** अंग्रेजी वक्ताओं के लिए; **1083** कैटोनीज वक्ताओं के लिए; **1088** पुतोगुहा वक्ताओं के लिए) नि:शुल्क हैं।

वाई-फाई

सार्वजनिक मुफ्त वाई-फाई इंटरनेट पहुँच निर्दिष्ट सरकारी परिसरों जैसे सार्वजनिक पुस्तकालयों, खेल स्थलों पर भी उपलब्ध है। सरकारी वाई-फाई सेवाओं से जुड़ने के लिए आपको अनुकूल वाई-फाई डिवाइस या वाई-फाई फंक्शन वाले स्मार्टफोन की जरूरत होती है। सेवाएं इस्तेमाल करने के लिए कोई उपयोगकर्ता पंजीकरण या पासवर्ड नहीं चाहिए लेकिन प्रत्येक कनेक्शन पर बैंडविड्थ का नियंत्रण होगा। अनेक प्राइवेट परिसर जैसे रेस्त्रां, कैफे और शॉपिंग मॉल खरीददारी करने वालों और ग्राहकों को मुफ्त वाई-फाई सेवाएं भी देते हैं लेकिन उनके लिए पंजीकरण या पासवर्ड की जरूरत हो सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय कॉल

हांगकांग से दुनिया के अधिकांश देशों और क्षेत्रों में; और मेनलैंड चीन के अधिकतर शहरों और कस्बों में अंतर्राष्ट्रीय कॉल की जा सकती हैं। आप हांगकांग से कॉल करने, और विदेशों से हांगकांग में कॉल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्ट डायलिंग (IDD) सेवा का उपयोग कर सकते हैं।

इसके अलाव हांगकांग में सभी मोबाइल ऑप्रेटर अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग सेवा प्रदान करते हैं। हांगकांग में आगमन से पहले, आप अपने गृह देश में ऑप्रेटरों द्वारा प्रदान की जाने वाली अंतर्राष्ट्रीय रोमिंग सेवा को सबस्क्राइब कर सकते हैं (और जांच लें कि हांगकांग में उनके रोमिंग पार्टनर हैं या नहीं)। उसके बाद आप अपने मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय कॉल कर सकते हैं। यह सेवा आपके गृह देश में ऑप्रेटर के रोमिंग शुल्क के शर्ताधीन है।

आप हांगकांग से अन्य देशों (अपने गृह देश सहित) को कॉल करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कॉलिंग कार्ड खरीदने का चुनाव भी कर सकते हैं। इस प्रकार का कॉलिंग कार्ड स्थानीय मोबाइल ऑप्रेटरों की दुकानों और किराना स्टोरों पर सामान्य रूप से उपलब्ध है।

किसी भी फिक्स्ड लाइन फोन या मोबाइल फोन से कॉल करने के अतिरिक्त आप पेफोन पर सिक्कों, कॉलिंग कार्ड या क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं।

अक्सर प्रयोग होने वाले IDD कोड

Country Code of Bangladesh			**880**
Country Code of India			**91**
Bombay (Mumbai)	22	Calcutta (Kolkatta)	33
Madras (Chennai)	44	New Delhi	11
Country Code of Indonesia			**62**
Bandung	22	Denpasar (Bali)	36
Jakarta	21	Semarang	24
Surabaya	31		
Country Code of Nepal			**977**
Country Code of Pakistan			**92**
Islamabad	51	Karachi	21
Lahore	42	Multan	61
Sukkur	71		
Country Code of Philippines			**63**
Angeles	455	Bacolod	34
Baguio	74	Cebu	32
Davao	82	Iloilo	33
Makati	2	Manila	2
Country Code of Sri Lanka			**94**
	The code no longer exists under Sri Lanka's list of city codes.		
Country Code of Thailand			**66**
Bangkok	2	Chiang Mai	53
Hua Hin	32	Pattaya	38
Phuket	76		